आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र कल से हुआ शुरू। चौबीस दिसंबर तक चलने वाले सत्र में विभिन्न विभागों की अनुपूरक मांगों समेत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के एक सौ पचास वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में होगी विशेष चर्चा।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोडीन सिरप मामले से जुड़ी तीस याचिकाओं को किया खारिज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– राज्य स्तरीय एसआईटी कर रही है मामले की जांच ।
- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में लगभग एक सौ अड़तीस करोड़ रुपए की लागत से बने रेल ओवरब्रिज का किया लोकार्पण। कहा– विरासत और विकास के समन्वय से प्रदेश को मिली नयी पहचान।
- राजस्व लेखपाल भर्ती में आरक्षण सम्बन्धी विसंगतियों पर मुख्यमंत्री की चेतावनी के बाद राजस्व परिषद कर रहा रिक्तियों की श्रेणीवार समीक्षा। भर्ती को लेकर भेजा जायेगा संशोधित अधियाचन।

**********

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र कल से शुरु हुआ। सत्र के पहले दिन वर्तमान विधानसभा के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य सुधाकर सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गयी और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद सदन की कार्यवाही सोमवार को ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। उधर, विधानपरिषद में समाजवादी पार्टी ने शिक्षा संबंधी मामला उठाया। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षा को नया आयाम देने की दिशा में काम कर रही है। विधानमंडल सत्र 24 दिसंबर तक चलेगा। सत्र शुरु होने से पहले एक पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि–

***उत्तर प्रदेश की जनता के हित में और उत्तर प्रदेश के विकास से जुड़े हुए तमाम अन्य कार्यों को आगे बढ़ाने विधायक कार्यों को आगे बढ़ाने और विभिन्न विभागों में जो नई मद है उनके लिए सप्लीमेंट्री डिमांड्स के लिए भी यह शीतकालीन सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। इस अवसर पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में एक महत्वपूर्ण चर्चा और वंदे मातरम गीत के रचयिता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी एक अवसर उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सामने होगा।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा कराने को पूरी तरह तैयार है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सत्र उत्तर प्रदेश विधानमंडल और राज्य के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

**********

संसद के दोनों सदनों को कल अनिश्चित काल तक स्थगित कर दिया गया। इसके साथ ही पहली दिसम्बर को शुरू हुआ उन्नीस दिन का शीतकालीन सत्र सम्पन्न हो गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समापन भाषण में कहा कि सदन में लगभग एक सौ ग्यारह प्रतिशत कामकाज हुआ। राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि सदन करीब बानबे घंटे चला और 121 प्रतिशत कामकाज हुआ।

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोडीन–आधारित कफ सिरप के अवैध भंडारण और वितरण से जुड़े मामलों में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने और गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग वाली तीस याचिकाओं को कल खारिज कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अचल सचदेव की खंडपीठ ने पारित किया। याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने पक्ष रखा। सरकारी पक्ष के वकील ने बताया कि जांच एजेंसियां अपनी कार्रवाई जारी रख सकती हैं।

***अपर महाधिवक्ता श्री अनूप त्रिवेदी साहब ने सरकार का पक्ष रखा। उत्तर प्रदेश सरकार का जो पक्ष था, उत्तर प्रदेश सरकार का यह कहना था कि ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट में विभिन्न औषधि स्टॉकिस्ट को हमने लाइसेंस दिया था लेकिन वह लगातार इसका दुरुपयोग कर रहे थे जो कि नारकोटिक्स की पर भी मिलवाता था क्योंकि जो फेंसिडिल सीरिया पर उसमें जो एक नारकोटिक्स सब्सटेंस था ओडीन जो कि नारकोटिक्स के अंतर्गत आता था। जिसमे माननीय न्यायालय ने इस बात पर गंभीरता से विचार करते हुए सभी पिटीशनों को आज निरस्त कर दिया।***

उधर, कोडीन मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले पत्रकार वार्ता में कहा कि कोडीन फॉस्फेट एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत आने वाली एक औषधि है। उन्होंने बताया कि इस कफ सिरप का कई स्थानों पर नशीले पदार्थ के रूप में दुरुपयोग किया जा रहा था।

अवैध तस्करी की शिकायतें मिलने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कार्रवाई की गई।

***यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा एफएसडीए, यूपी पुलिस और एसटीएफ इनके द्वारा प्रारंभ की गई है, जिसमें अब तक हम लोग काफी बड़े पैमाने पर इसके अवैध तस्करी के प्रकरण को पकड़े हैं और इसमें व्यापक गिरफ्तारियां भी हुई हैं। इस पूरे मामले में भी उसकी संलिप्तता आएगी क्योंकि एसआईटी एक राज्य स्तर की एसआईटी इस पूरे मामले की निगरानी कर रही है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम गोरखपुर में करीब एक सौ अड़तीस करोड़ रुपए की लागत से लखनऊ–गोरखपुर रेल मार्ग के डोमिनगढ़ एवं गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे क्रॉसिंग–162ए पर रेल ओवरब्रिज का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों और वंचितों के हित के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत और विकास के समन्वय से उत्तर प्रदेश को नई पहचान मिली है।

***हर गरीब को राशन की सुविधा का लाभ प्राप्त हो, हर गरीब को उपचार की सुविधा प्राप्त हो, हर गरीब के घर में रसोई गैस का चूल्हा हो, हर एक नागरिक को बिना भेदभाव के बिजली की सुविधा उपलब्ध हो, तब हो पाया जब डबल इंजन की सरकार ने सामूहिक प्रयास से इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। आज उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट नहीं है। उत्तर प्रदेश आज देश के अंदर अपनी एक नई आभा के साथ अपने आप को एक नई पहचान दे रहा है। विकास और विरासत का बेहतरीन केंद्र बना है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देर शाम गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ बैठक कर मकर संक्रांति पर गोरखनाथ मंदिर में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेला की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिचड़ी मेला से पहले नव वर्ष के प्रथम दिन ही गोरखनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इसे खिचड़ी मेला प्रबंध के रिहर्सल के रूप में लिया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने ग्यारह से तेरह जनवरी तक आयोजित होने वाले गोरखपुर महोत्सव की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को प्रतिभा प्रदर्शन का भरपूर मौका दिया जाय।

**********

राजस्व लेखपाल भर्ती में आरक्षण सम्बन्धी विसंगतियों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चेतावनी के बाद राजस्व परिषद श्रेणीवार रिक्तियों की दोबारा समीक्षा कर रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राजस्व परिषद भर्ती को लेकर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को दोबारा संशोधित अधियाचन भेजेगा। इस प्रकरण में मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकारी भर्तियों में आरक्षण व्यवस्था का अक्षरशः पालन अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी है कि आरक्षण से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की विसंगति पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी।

**********

प्रदेश में भीषण शीतलहर और कोहरे का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। कोहरे के चलते हवाई और रेल यातायात पर भी असर पड़ा है। नागर विमानन मंत्रालय और रेलवे मंत्रालय ने यात्रियों को यात्रा से पहले अधिकृत स्थानों से जानकारी लेने की सलाह दी है। उधर, मौसम विभाग ने प्रदेश के चालीस से ज्यादा जिलों में आज घने कोहरे और शीत दिवस का रेड अलर्ट जारी किया है। भीषण शीतलहर एवं घने कोहरे की चेतावनी के मद्देनजर राहत आयुक्त कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम से आमजन को एसएमएस के माध्यम से खराब मौसम की चेतावनी भेजी जा रही है। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिकों से अपील की है कि वे भीषण ठंड से बचें। कोहरे के प्रकोप को देखते हुए उन्होंने अनावश्यक यात्रा न करने की भी सलाह दी है।

**********

दक्षिण अफ्रीका के साथ पांच मैचों की टी–ट्वेंटी क्रिकेट श्रृंखला को भारतीय टीम ने तीन एक से जीत ली है। कल अहमदाबाद में खेले गये पांचवें और अन्तिम मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीस रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने दो सौ इकतीस रन बनाये, जवाब में प्रतिद्वन्दी टीम दो सौ एक रन ही बना सकी।

**********